# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 5-9.26 | 14 | 3-5 |

## हकृवि के 36 सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मान



**■ कुलपति ने शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर किया सम्मानित**

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पिछले तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### यह हुए सेवानिवृत्त

पिछले तीन माह के दौरान विश्वविद्यालय से 10 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक और 25 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों में डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, डॉ. बिजेंद्र सिंह बेनीवाल, डॉ. जयलाल यादव, डॉ. मंजू सिंह टांक, डॉ. मोहिंद्र सिंह दलाल, डॉ. केडी शर्मा, डॉ. लीला वती और डॉ. बलजीत गिरधर शामिल हैं। कैंपस स्कूल से अलमा कुमारी शामिल रहे। इसी तरह गैर शिक्षक कर्मचारियों में तारा चंद, करण सिंह, हरीश चंद्र, योगेश मोहन शर्मा, अश्वनी कुमार, मांगे राम, ओम प्रकाश, गोपाल लाल, सुशीला कथूरिया, प्रेम लता, बलजीत सिंह, सतबीर सिंह, धर्मबीर सिंह, हंसनाथ, जसवंत, रोशनी कला, अनिल कुमार गक्खड़, सूरत सिंह, बलबीर सिंह, राजपाल, भूप सिंह, बुध सिंह, पांचु राम, बलवंत सिंह और राजपाल सेवानिवृत्त हुए।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 4-9-26 | 5 | 3-4 |

# हकृवि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

हिसार, 3 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने 36 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुभव और प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहेगा। विश्वविद्यालय की प्रगति और विकास में उनके अमूल्य योगदान ने एक मजबूत नींव तैयार की है। उन्होंने कहा कि आज हम यहां उन अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान के लिए एकत्रित हुए हैं जिन्होंने अपने लंबे सेवा काल के दौरान विश्वविद्यालय की उन्नति और विकास के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व सहायक कुलसचिव निशा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान 10 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 25 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, डॉ. बिजेन्द्र सिंह बेनिवाल, डॉ. जयलाल यादव, डॉ. मंजू सिंह टांक, डॉ. मोहिन्द्र सिंह दलाल, डॉ. केडी शर्मा, डॉ. लीला वती व डॉ. बलजीत गिरधर, स्कूल शिक्षक में अलमा कुमारी जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में तारा चंद, करण सिंह, हरीश चन्द्र, योगेश मोहन शर्मा, अश्वनी कुमार, मांगे राम, ओम प्रकाश, गोपाल लाल, सुशीला कथूरिया आदि उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 04.09.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में किया समारोह

## 36 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर के किया सम्मानित

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने 36 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।



कुलपति प्रो. काम्बोज सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुभव और प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहेगा। विश्वविद्यालय की प्रगति और विकास में उनके अमूल्य योगदान ने एक मजबूत नींव तैयार की है। उन्होंने कहा कि यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि आज हम यहां उन अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान के लिए एकत्रित हुए हैं जिन्होंने अपने लंबे सेवा काल के दौरान विश्वविद्यालय की उन्नति और विकास के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। कुलपति ने कहा कि सेवा निवृत्ति जीवन का एक नया अध्याय है। यह वह समय है जब व्यक्ति अपने अनुभवों और उपलब्धियों को याद करते हुए जीवन के नए आयामों की ओर अग्रसर होता है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे सम्मानित अधिकारी और कर्मचारी भविष्य में भी अपने अनुभवों और ज्ञान से समाज और संस्थान को मार्गदर्शन देते रहेंगे।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व सहायक कुलसचिव निशा उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान 10 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 25 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, डॉ. बिजेन्द्र सिंह बेनिवाल, डॉ. जयलाल यादव, डॉ. मंजू सिंह टोंक, डॉ. मोहिन्द्र सिंह दलाल, डॉ. केडी शर्मा, डॉ. लीला वती व डॉ. बलजीत गिरधर, स्कूल शिक्षक में अलमा कुमारी जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में तारा चंद, करण सिंह, हरीश चन्द्र, योगेश मोहन शर्मा, अश्वनी कुमार, मांगे राम, ओम प्रकाश, गोपाल लाल, सुशीला कथूरिया, प्रेम लता, बलजीत सिंह, सतबीर सिंह, धर्मबीर सिंह, हंसनाथ, जसवंत, रोशनी कला, अनिल कुमार गक्खड़, सूरत सिंह, बलबीर सिंह, राजपाल, भूप सिंह, बुध सिंह, पांचु राम, बलवंत सिंह तथा राजपाल शामिल है।